मांगना है तो फिर प्यार मांग लो

मांगना है तो फिर प्यार मांग लो
खुशियों का तुम उपहार मांग लो
मांगना है तो फिर प्यार मांग लो

घर परिवार में शान्ति हॉवे ये है सब से जरुरी
मन में किसी के मैल न हॉवे रिश्तो में ना हो दुरी
जीवन ज्यदा कुछ नही सुख दुःख का है खेल
दोलत सोहरत ये सभी हाथो का है मैल,
माँगना है तो संस्कार मांग लो
खुशियों का तुम उपहार मांग लो
मांगना है तो फिर प्यार मांग लो

तृष्णाओ का अंत नही है
दिन पर दिन बडती जाए
श्याम मिलन की राह से हमको हर पल दूर हटाए,
रिश्ता श्याम से जरा देखो जोड़ के
सब कुछ श्याम पे जरा देखो छोड़ के
माँगना है तो व्यवहार मांग लो
खुशियों का तुम उपहार मांग लो
मांगना है तो फिर प्यार मांग लो

कर्म करो कुछ ऐसा मोहित रोते लोगो को ह्सायो
हारे हुयो का साथी बन के श्याम का हाथ बटाओ
पुण्ये अच्छे कर्मो का बच्चो को मिले
उनकी जिन्दगी सदा फुले और फले,
मांगना है तो दीदार मांग लो
खुशियों का तुम उपहार मांग लो
मांगना है तो फिर प्यार मांग लो

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17924/title/maangna-hai-to-phir-pyaar-maang-lo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |